# 3 (Sem–4/CBCS) HIN HG/RC 1

# 2023

## HINDI

## ( Honours Generic/Regular Course )

Paper : HIN–HG/RC–4016

( हिन्दी गद्य साहित्य )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'तमस' उपन्यास के रचयिता कौन हैं?

(ख) 'लोभ और प्रीति' निबंध किस निबंध-संग्रह में संकलित है?

(ग) संस्कृत में 'कुटहारिका' और 'कुटकारिका' किसे कहा जाता है?

(घ) हामिद मेले से दादी के लिए कौन-सा उपहार लेकर आता है?

(ङ) फणीश्वरनाथ रेणु के प्रथम कहानी-संकलन का नाम क्या है?

(च) 'परदा' कहानी का मुख्य पात्र कौन है?

(छ) 'तीसरी कसम' कहानी में किस 'लोकनाच' का उल्लेख किया गया है?

(ज) गजाधर बाबू ने कितने वर्षों तक रेलवे में नौकरी की थी?

(झ) विद्यानिवास मिश्र किस प्रकार के निबंधकार के रूप में प्रसिद्ध हैं?

(ञ) उपन्यास के कितने तत्त्व होते हैं?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'तमस' उपन्यास की पृष्ठभूमि में किन घटनाओं का उल्लेख किया गया है?

(ख) लोभ और प्रीति में प्रमुख अंतर क्या है?

(ग) 'तीसरी कसम' कहानी का प्रकाशन किस पत्रिका में तथा किस नाम से हुआ था?

(घ) 'वापसी' कहानी के किन्हीं दो पात्रों के नाम लिखिए।

(ङ) हिरामन की कोई दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) "किवाड़ न रहने पर परदा ही आबरू का रखवाला था।" संदर्भ एवं आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'तमस' उपन्यास के पात्र नत्थू का चरित्र-चित्रण कीजिए।





(ग) निबंध साहित्य में हजारी प्रसाद द्विवेदी के योगदान पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'कहानीकार के रूप में प्रेमचंद का स्थान' इस विषय पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ङ) 'वापसी' कहानी के संदेश पर प्रकाश डालिए।

(च) साम्प्रदायिकता के दर्द को 'तमस' उपन्यास किस प्रकार बयाँ करता है? स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"वह दूसरे के द्वार पर भीख माँगने नहीं जाता, कोई निकट आ गया तो भय के मारे अधमरा नहीं हो जाता, नीति और धर्म का उपदेश नहीं देता फिरता, अपनी उन्नति के लिए अफसरों का जूता नहीं चाटता फिरता, दूसरों को अवमानित करने के लिए ग्रहों की खुशामद नहीं करता, आत्मोन्नति के हेतु नीलम नहीं धारण करता, अंगूठियों की लड़ी नहीं पहनता, दाँत नहीं निपोरता, बगलें नहीं झाँकता।"

**अथवा**

"किसी बात में हस्तक्षेप न करने के निश्चय के बाद भी उनका अस्तित्व उस वातावरण का एक भाग न बन सका। उनकी उपस्थिति उस घर में ऐसी असंगत लगने लगी थी, जैसे सजी हुई बैठक में उनकी चारपाई थी। उनकी सारी खुशी एक गहरी उदासीनता में डूब गयी।"

(ख) 'लोभ और प्रीति' निबंध की विशेषताओं पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

निबंध के तत्त्वों की दृष्टि से 'वसंत आ गया पर कोई उत्कंठा नहीं' की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'ईदगाह' कहानी का सार प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

फणीश्वरनाथ रेणु की कालाजयी कहानी 'तीसरी कसम' में भारतीय ग्रामीण परिवेश जीवंत हो उठा है। कैसे? सोदाहरण उत्तर दीजिए।

(घ) 'तमस' उपन्यास के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

कहानी-कला की दृष्टि से 'परदा' कहानी की समीक्षा कीजिए।

★★★